Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Oraon Shri Rameshwar

Title: Need to lay a railway line between Lohardagga and Gumal

via Korba in Jharkhand.

डॉ. रामेश्वर उरांव (लोहरदगा) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड प्रदेश एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। यहां वन सम्पदा एवं खनिज पदार्थ भरे पड़े हैं। लेकिन अनेक इलाके हैं, जो रेल लाइन से जुडे हुए नहीं हैं। ऐसे क्षेत्र में गुमला जिला है। यह छत्तसगढ़ राज्य के सीमा पर अवस्थित है। यदि लोहरदगा, जहां तक अभी तक रेल लाइन गयी है, से गुमला होते हुए कोरबा, छत्तीसगढ तक रेल लाइन बिछायी जाती है तो गुमला जिला को लोहरदगा होते हुए रांची एवं कोरबा होते हुए छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

अतः मेरी मांग है कि लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक रेल लाइन बिछायी जाये ताकि इस आदिवासी क्षेत्र का विकास हो सके।